2016

HINDI

(Modern Indian Language)

(Hindi Katha Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) 'निर्मला' उपन्यास के रचयिता मुंशी प्रेमचंद का जन्म वाराणसी के किस गाँव में हुआ था?

(ख) चंदर का पूरा नाम क्या था?

(ग) "चंदर इतना बदमाश है, उसे कोई नहीं भगाता। हम-तुम तो कोई बदमाशी भी नहीं करतीं।" यह कथन किसका है?

(घ) कहानीकार बंगमहिला का असली नाम क्या है?

(ङ) 'कजाकी' कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

(च) गाँव के लोग सिरचन को क्या समझते थे?

(छ) कथाकार यशपाल का निधन कब हुआ था?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) "औरतों को रूप की निन्दा जितनी अप्रिय लगती है, उससे कहीं अधिक अप्रिय पुरुषों को अपने पेट की निन्दा लगती है।" उपन्यासकार ने यह टिप्पणी किस प्रसंग में की है?

(ख) "पर दोनों में नाते से मित्रता का ख्याल अधिक है।" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) कजाकी को क्यों नौकरी से हाथ धोना पड़ा था?

(घ) मानू किसलिए फूट-फूटकर रो रही थी?

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×3=15

(क) हाय उनका सरल स्नेहशील हृदय यह आघात कैसे सह सकेगा? आह! मैं कितने भ्रम में था।

अथवा

कौन दाह करेगा, यह प्रश्न उठा। लोग इसी चिन्ता में थे कि सहसा एक बूढ़ा पथिक एक बकुचा लटकाये आकर खड़ा हो गया।

(ख) दूसरे घर में जाकर कुत्ता चूहा हो जाता है। झबरा कुत्ता उसे आते देखकर भागा। मुन्नू को अब लौट आना चाहिए था, मगर वह कुत्ता उसके लिए यमराज का दूत था।

अथवा

यह दूसरी बात है कि अब गाँव में ऐसे कामों को बेकाम का काम समझते हैं लोग—बेकाम का काम, जिसकी मजदूरी में अनाज या पैसे देने की जरूरत नहीं।

(ग) सागर कहलाते हैं तो बड़े-बड़े ताल होंगे—और प्रत्येक के किनारे पर बना हुआ मंदिर कितना सुंदर दीखता होगा!

अथवा

इन लोगों की हँसी ऐसी ही होती है। हँसी में किसी के प्राण भी निकल जाएँ तो भी इन्हें दया न आवे।

4. सिद्ध कीजिए कि 'निर्मला' उपन्यास 'जीवन की एक करुण कहानी' है। 10

अथवा

तोताराम की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

5. 'ताई' शीर्षक कहानी के प्रतिपाद्य को प्रस्तुत कीजिए। 10

अथवा

कहानी के तत्त्वों की दृष्टि से 'जयदोल' कहानी की समीक्षा कीजिए।

6. 'आत्मा की आवाज' कहानी की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए। 10

अथवा

रांगेय राघव **अथवा** जयशंकर प्रसाद की साहित्यिक देन पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

★★★